
माँ सिद्धिदात्री

Shubh Navratri

नये जमाने के साथ ...

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत



● वर्ष- 16 अंक 241● कटनी ● मंगलवार, 4 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## कांच की बोतल से रेत डाला DGP जेल लोहिया का गला

**आतंकी संगठन टीआरएफ ने लिया जिम्मा**

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी जेल हेमंत कुमार लोहिया की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। वह दोस्त संजीव खजूरिया के घर पत्नी के साथ गए थे। यहीं वारदात को अंजाम दिया गया। उनके हेल्पर हत्या का शक है। आतंकी संगठन टीआरएफ ने हत्या का जिम्मा लिया है।**





जम्मू-कश्मीर के डीजीपी जेल हेमंत कुमार लोहिया की सोमवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने डीजीपी का कांच की बोतल से गला रेता। साथ ही पेट और बाजू पर कई वार किए। हत्यारे ने शरीर पर केरोसिन छिड़क कर जलाने की भी कोशिश की। हत्या की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। वारदात का शक डीजीपी लोहिया के ही हेल्पर पर जा रहा है, जो सीसीटीवी फुटेज में वारदात के बाद भागता नजर आया है। डीजीपी के फरार नौकर की पहचान रामबन निवासी यासिर के रूप में हुई है। दरअसल, दोमाना क्षेत्र के उदयवाला में डीजीपी लोहिया दोस्त संजीव खजूरिया के घर पत्नी के साथ गए थे। डीजीपी के दोस्त संजीव खजूरिया का भाई राजू खजूरिया पुलिस में एसपीओ है, जो फिलहाल संजीव का पीएसओ भी है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि खाना खाने के बाद उन्होंने घरेलू नौकर यासिर को मसाज करने के लिए कहा। इसके बाद दोनों कमरे में चले गए। कुछ देर बाद डीजीपी की चीख सुनकर दोस्त तथा उसके परिवार वाले नीचे आए। पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था। उसे तोड़कर वे कमरे में दाखिल हुए तो डीजीपी को रक्तरंजित हालत में पड़े पाया। उनके गला रेतने समेत शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार के निशान थे। पेट पर भी चोट के निशान मिले। सिर भी जला हुआ था।

### आग लगाकर शव को जलाने की कोशिश

सूत्रों ने बताया कि डीजीपी की गला रेतकर हत्या के बाद तकिये और कपड़े पर केरोसीन से आग लगाकर शव को जलाने की कोशिश की गई। वहीं, बताते हैं कि कमरे का दरवाजा जब तोड़ा गया तब तक यासिर पीछे के दरवाजे के रास्ते भाग निकला था।इस मामले में संजीव खजूरिया के छोटे भाई राजू खजूरिया को देर रात पुलिस ने हिरासत में लिया। राजू पुलिस कर्मी है जो संजीव खजूरिया के साथ बतौर निजी सुरक्षा कर्मी के तौर पर तैनात था। दोमाना थाने में उससे पूछताछ हो रही है। जिस समय उसे हिरासत में लिया गया वह पुलिस वर्दी में था।

### टीआरएफ ने ली हत्या की जिम्मेदारी

मामले में टीआरएफ ने बयान जारी करके कहा है कि हमारे स्पेशल स्क्वायड ने जम्मू के उदयवाला में खुफिया ऑपरेशन को अंजाम दिया है। डीजी पुलिस जेल हेमंत कुमार लोहिया की हत्या कर दी। आतंकी संगठन का कहना है कि हाई प्रोफाइल ऑपरेशन की यह शुरुआत है।



## अमेरिका: 8 महीने की मासूम बच्ची समेत 4 भारतीय अगवा

**अपहरणकर्ता हथियारों से थे लैस**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका (America) से आ आरही बड़ी खबर के अनुसार, यहां के कैलिफोर्निया (California) में 4 भारतीयों के अपहरण की संगीन सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार, इनमें 8 महीने की एक बच्ची और उसके माता-पिता भी शामिल हैं। मामले पर मर्सिड काउंटी शेरिफ ऑफिस ने बताया कि 36 साल के जसदीप सिंह, 27 साल के जसलीन कौर, उनके 8 महीने की बच्ची आरोही ढेरी के साथ 39 साल के अमनदीप सिंह को भी यहां अगवा किया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी अपहरणकर्ता हथियारों से लैस थे।तत्कालीन करवाई करते हुए पुलिस ने लोगों से कहा है कि, अगर आपको कोई भी सस्पेक्ट या विक्टिम कहीं दिखाई दें, तो तुरंत ही 911 पर कॉल कर इसकी जानकारी पुलिस जो दें।

पता हो कि, इससे पहले भी बीते 2019 में भारतीय मूल के एक नागरिक तुषार अत्रे को उनकी गर्लफ्रेंड की कार में मृत पाया गया था। डिजिटल मार्केटिंग कंपनी के मालिक अत्रे को उनके कैलिफोर्निया के घर से ऐसे ही अपहरणकर्ता द्वारा अगवा किया गया था।



### महानवमी पर मां वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह अपने कश्मीर के दौरे पर हैं. आज शाह के दौरे का दूसरा दिन है. कल जम्मू पहुंचने पर उन्होंने कई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके राज्य के हालात की जानकारी ली. और आज शाह माता वैष्णो देवी में मत्था टेकने माता के मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने माता के पूजा-पाठ और आरती भी की।

### भारत जोड़ो यात्रा के बीच अब महाराष्ट्र में लगेगा कांग्रेस को झटका?



**पार्टी छोड़ने की तैयारी में अशोक चव्हाण**

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण क्या कांग्रेस छोड़ने वाले हैं? राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा के बीच महाराष्ट्र में ये कयास लग रहे हैं। इसकी वजह अशोक चव्हाण का भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के प्रति नरम रवैया है। इसके अलावा एकनाथ शिंदे सरकार की ओर से उन्हें मिले रिटर्न गिफ्ट ने भी दावों को तेजी दी है। एक तरफ उद्धव ठाकरे सरकार के दौर की परियोजनाओं को महाराष्ट्र में रद्द किया जा रहा है तो वहीं अशोक चव्हाण के निर्वाचन क्षेत्र में एक अहम योजना को मंजूरी दी गई है। चव्हाण के भोकर विधानसभा क्षेत्र में वाटर ग्रिड योजना को मंजूरी मिल गई है। शिंदे सरकार ने भोकर के 183 गांवों में पानी पहुंचाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह 728 करोड़ रुपये की योजना है और इसके लिए 10 दिन पहले टेंडर निकाला गया है।

### शुभकामनाएं

विजयदशमी की सुधिपाठकों, शुभचिंतकों, एजेंटों, समाचार पत्र विक्रेताओं को यश भारत परिवार की ओर हार्दिक शुभकामनाएं।

**-संपादक**

### अवकाश सूचना

विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में यश भारत कार्यालय में 5 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

## ट्रैक्टर इंजन के नीचे दबने से दो बालिकाओं की मौत

**डिंडौरी,यश भारत ।** जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत ग्राम तलाशी टोला निवासी दो बालिकाओं की ट्रैक्टर इंजन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य 10 वर्षीय बालिका भागवती घायल हुई है। थाना प्रभारी शाहपुर विजय पटले ने बताया कि ट्रैक्टर चालक रवि बैगा गांव की कुछ लड़कियों को लेकर सोमवार की रात लगभग 11 बजे तलाशी टोला से नुनखान जा रहा था। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। रास्ते में ही ट्रैक्टर का इंजन अनियंत्रित होकर पलट गया। इंजन के नीचे दबने से सीमा बाई



बैगा 11 वर्ष, सुमित्रा बैगा 13 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। बताया गया कि ट्रैक्टर शाहपुर निवासी नंद कुमार का है। ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर अपने घर तलाशीटोला चला गया था। बताया गया कि दुर्घटना के बाद पुलिस ड्राइवर की तलाश कर रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व आईपीएस किरण बेदी से मांगी मदद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु वीरेंद्र देव दीक्षित द्वारा रोहिणी में स्थापित एक आश्रम में रहने वाली महिलाओं के कल्याण से संबंधित मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की रिटायर्ड अधिकारी किरण बेदी की सहायता मांगी है। हाईकोर्ट ने इससे पहले रोहिणी स्थित %आध्यात्मिक विद्यालय% के कामकाज की निगरानी के लिए किरण बेदी की देखरेख में एक कमेटी का गठन किया था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल बेदी को मामले को सात अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जानकारी दी जाए। हाल ही में पारित आदेश में चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और



जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने कहा कि किरण बेदी से सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में इस अदालत की सहायता करने का आग्रह किया जाता है। बेंच ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग की तरफ से पेश विद्वान वकील को किरण बेदी को यह सूचित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है कि मौजूदा मामले को सात अक्टूबर 2022 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## दिल्ली में दो युवकों ने 6 साल के बच्चे की चढ़ा दी बलि

**आरोपियों ने बताई सपने और बलि की कहानी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दो युवकों ने 6 साल के मासूम की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना लोधी कॉलोनी एरिया में CRPF हेडक्वार्टर्स की कंस्ट्रक्शन साइट पर शनिवार रात को हुई। आरोपियों ने हत्या करने से पहले गांजा पिया था। उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया और पुलिस को सपने, शिव और बलि की कहानी सुनाई । पुलिस ने जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम विजय और अमन हैं। दोनों बिहार के रहने वाले हैं और कंस्ट्रक्शन साइट पर सीमेंट कटर का काम करते हैं। जिस बच्चे की हत्या की गई, उसका नाम धर्मेंद्र है। धर्मेंद्र के पिता अशोक भी मजदूर हैं। वे यूपी के बरेली



के रहने वाले हैं। जिस कंस्ट्रक्शन साइट पर सभी लोग काम करते थे, वहां रात को भजन चल रहे थे। महिलाएं और अशोक भी इसमें शामिल थे। आरोपी विजय गांजा पीने के बाद यहां पहुंचा। उसने शिव की पूजा के लिए धूप मांगी, लेकिन महिला ने धूप देने से मना कर दिया। इसके बाद वह अपनी झुग्गी में लौट आया।

विजय ने पुलिस से कहा कि हम लोगों ने शिव का प्रसाद खाया था। इसके बाद उसे सपना आया कि भगवान शिव बच्चे की बलि मांग रहे हैं। रात करीब साढ़े दस बजे 6 साल का धर्मेंद्र अकेला दिखा। विजय और अमन को बच्चा जानता था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी उसे अपनी झुग्गी में ले गए। सब्जी काटने वाले चाकुओं से बच्चे का गला रेत दिया।

### बीडी मिश्रा बने मेघालय के राज्यपाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के चर्चित राज्यपालों में से एक सत्यपाल मलिक अब रिटायर हो गए हैं। उनका कार्यकाल 3 अक्टूबर को समाप्त हो गया और उन्हें कोई कार्यकाल विस्तार नहीं दिया गया। उनकी जगह पर मेघालय के गवर्नर के तौर पर बीडी मिश्रा



ने शपथ ली है। वह फिलहाल अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल हैं और उन्हें मेघालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बीडी मिश्रा सेना से ब्रिगेडियर के पद पर रिटायर हुए थे। वह 2017 से ही अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल हैं। उन्होंने सत्यपाल मलिक की जगह 4 अक्टूबर को शपथ ली है, जो 3 तारीख को रिटायर हुए हैं।

## लूडो खेलते-खेलते हुआ इश्क, बिहार से लड़की आ गई प्रतापगढ़, मंदिर में रचा ली शादी

**लखनऊ, ईएमएस।** उत्तर प्रदेश में एक युवक और युवती को ऑनलाइन लूडो का खेलते-खेलते एक दूसरे से प्यार हो गया. फिर युवती बिहार से प्रतापगढ़ पहुंची और युवक से शादी भी रचा ली. पूरा मामला प्रतापगढ़ का है. जहां नवरात्रि की अष्टमी पर सोमवार को मां बेल्हा देवी मंदिर में भारी भीड़ के बीच अकेले पहुंचे युवक-युवती को शादी करते देख लोग हंगामा करने लगे। पुलिस ने युवती से पूछताछ की तो पता चला कि वह ऑनलाइन लूडो खेलने के दौरान नगर कोतवाली के युवक को दिल दे बैठी. उससे शादी करने वह बिहार से आई है. यह सुन वहां मौजूद भीड़ ने पहले हंगामा



किया लेकिन जब फोन पर युवती की मां ने शादी की इजाजत दी तो वही लोग बिन बुलाए बाराती बन गए। शहर के पास गोपालापुर में रहने वाला युवक ऑनलाइन लूडो खेलने के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर की युवती के संपर्क में आ गया. दोनों में बातचीत बढ़ी तो एक-दूसरे को दिल दे बैठे. इसके बाद उन्होंने शादी का फैसला कर लिया. युवती अकेली मुजफ्फरपुर बिहार से प्रतापगढ़ आ गई. वह युवक के साथ सोमवार की दोपहर बेल्हा देवी पहुंच गई।

## राजनीति में जो दिखता है वो होता नहीं, जो होता है वो दिखता नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान में जारी राजनीतिक खींचतान के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि राजनीति गुणा-भाग का खेल है, जहां जो दिखता है वो होता नहीं है और जो होता है वो दिखता नहीं है। गहलोत सोमवार को इन्वेस्ट राजस्थान को लेकर बुलाए गए एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे, जो 7 और 8 अक्टूबर को होगा।**



मुख्यमंत्री ने मीडिया पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कभी-कभी पसंद और नापसंद पर खबरें चलाई जाती हैं, जो किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करती हैं और अंततः यह मीडिया की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं क्योंकि लोगों की सामान्य समझ असाधारण है और वे सब कुछ समझते हैं। बता दें कि, 25 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक बुलाए जाने से राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। इस बैठक को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव के लिए गहलोत की संभावित उम्मीदवारी के मद्देनजर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की कवायद के रूप में देखा गया था। इसके चलते कांग्रेस विधायक दो गुटों में बंट गए थे। राजस्थान के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव अजय माकन और राज्यसभा में विपक्ष के तत्कालीन नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, जो अब कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं, को पार्टी आलाकमान ने पर्यवेक्षक के रूप में विधायक दल की बैठक (सीएलपी) आयोजित कराने के लिए राजस्थान भेजा था। उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक शुरू होने से कुछ घंटे पहले गहलोत के वफादार विधायकों ने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर समानांतर बैठक की थी। विधायक, सीएलपी की बैठक में शामिल नहीं हुए और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर गए और अपना इस्तीफा सौंप दिया। उनकी मांग गहलोत के वफादार 102 विधायकों जिन्होंने जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान गहलोत का समर्थन किया था उनमें से किसी को नए मुख्यमंत्री के रूप में चुनने की थी। गौरतलब है कि, जुलाई 2020 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने 18 अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत की थी।



**रामलीला में निभा रहे थे रावण की भूमिका**

## सीताहरण के पहले स्टेज पर आई मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** अयोध्या जनपद में रामलीला मंचन के दौरान रावण की भूमिका निभा रहे कलाकार की अचानक हार्टअटैक से मौत हो गई. यह घटना सीताहरण प्रसंग मंचन के दौरान हुई. इससे रामलीला के मंच समेत नीचे बैठे दर्शकों में अफरातफरी मच गई. जनपद के रुदौली थाना स्थित ऐहार गांव का यह मामला है। दरअसल, रुदौली के ऐहार गांव में पिछले 46 साल से नवरात्रि में रामलीला का मंचन चल होता है. बीते 10 साल से इसी गांव के पतिराम ही रावण की भूमिका पूरी कुशलता से निभा रहे थे.बीते रविवार की रात्रि जब रावण मारीच को माया मृग बनकर राम-लक्ष्मण को बहकाने और खुद भिक्षुक के रूप में सीता हारण की योजना बना रहे थे, उसी समय रावण का किरदार निभा रहे पतिराम अचानक मंच पर गिर पड़े. गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# एनकेजे यार्ड में 50 साल पुरानी मैकेनिकल सिग्नलिंग प्रचालन प्रणाली में हुआ बदलाव

## अब क्लिक करते ही सेट होगा ट्रेनों का रूट, एनकेजे से कटंगीखुर्द के बीच अब एक साथ दौड़ेंगी दो ट्रेनें

### यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से चलेंगी ट्रेनें

**कटनी, यशभारत। कटनी-बिलासपुर एवं सिंगरौली रेलखंड के एनकेजे यार्ड (सी केबिन यार्ड) में करीब 50 साल पुरानी मैकेनिकल सिम्पलिंग प्रचलन प्रणाली को बदल दिया गया है। बढ़ती ट्रेनों की गति, संरक्षा और समय सीमा को देखते हुए रेलवे अफसरों ने 17 दिनों में याड़ पर केबिन प्रणाली को समाप्त कर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग का कार्य रविवार को पूरा कर लिया है। अब यहां ट्रेनें अपने निर्धारित समय से चल सकेगी और गति सीमा भी बढ़ जाएगी। इसके अलावा एनकेजे कटंगीखुर्द में रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।**

इस ट्रैक पर अब एक साथ दो ट्रेनें दौड़ सकेंगी। सिंगल ट्रैक होने के कारण ट्रेनों के परिचालन में विलंब होता था। इस कार्य के होने से ट्रेनों की लेटलतीफी भी कम होगी। इस संबंध में रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनकेजे यार्ड में मेकॅनिकल इंटरलॉकिंग सिग्नलिंग प्रचलन सिस्टम के साथ अब तक काम किया जा रहा था। इस प्रणाली में अलग-अलग केबिनों से ट्रेनों को रिसीव और डिस्पैच करने के लिए मैनुअल लीवर का प्रयोग किया जाता था। प्रत्येक ट्रेन को परिचालित करने के लिए केबिनों के बीच मैनुअल संचालन और समन्वय में लगभग 5 से 7 मिनट का समय लगता था। इसके अतिरिक्त ट्रेन संचालन में वैश्विक संरक्षा मानकों के स्तर के अनुरूप होने के लिए मैकेनिकल सिम्नलिंग को अपग्रेड भी करने की आवश्यकता थी। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग होने के बाद अब मैन्यूअल की कंप्यूटराइज्ड तकनीक से गाड़ियों के लिए रूट सेट किया जाएगा। पुरानी केबिन को बंद कर विजुक्ल डिस्प्ले यूनिट रूम से गाड़ियों का संचालन किया जाएगा।



#### कल से पटरी पर लौट आएंगी प्रभावित ट्रेनें

रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा एनकेजे यार्ड में 16 सितंबर से नान इंटरलॉकिंग कार्य के लिए बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त, डायवर्ड व ओशिक रद्द किया गया था। यह कार्य पूरा होने के बाद अब कल 4 अक्टूबर से यहां यातायात बहाल होगा और यात्रियों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि इस कार्य के लिए कटनी-बिलासपुर व सिंगरौली रेलखंड की 44 ट्रेनों को निरस्त करते हुए 12 ट्रेनों को डायवर्ड रूट से चलाया जा रहा है।

#### यह होगा फायदा

-ट्रेनों की हैंडलिंग का वर्तमान समय मौजूदा 05-07 मिनट से घटकर 30-60 सेकंड हो गया है। इससे केंद्रीय पावर केबिन की क्षमता बढ़ गई है। गाड़ियों का डिटेंशन कम हो सकेगा और गाड़ियों की समयपालनता भी बेहतर हो सकेगी।

-केबिनों में फैले जटिल मैनुअल ऑपरेशन की जगह माउस बटन के क्लिक द्वारा पावर केविन से केंद्रीकृत सेफ संचालन हो सकेगा। जनशक्ति की भी पर्याप्त बचत होगी।

-एनकेजे यार्ड में पहुंचते ही अब ट्रेनों की रफ्तार कम नहीं होगी और ट्रेनों की लेटलतीफी व ट्रेनें खड़ी रहने की समस्या दूर होगी।

#### इनका कहना है

एनकेजे वाई में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा एनकेजे से कटंगीखुर्द रेल लाइन में दोहरीकरण का कार्य किया गया है। यार्ड में ट्रेनों की लेटलतीफी से राहत मिलेगी। यातायात भी बढ़ेगा।

– **आशीष रावलानी,** एरिया मैनेजर, एनकेजे



# जिले के ग्रामों में हुआ ग्राम सभाओं का आयोजन

## निर्धारित एजेंडे के अतिरिक्त स्थानीय विषयों पर भी हुई चर्चा

### ग्रामीणों ने उत्साह के साथ नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की ली शपथ

**कटनी, यशभारत।** शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जिले के समस्त ग्रामों में ग्राम सभाओं का आयोजन जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देशानुसार किया गया। प्रथम चरण में आयोजित ग्राम सभाओं में स्थाई और स्थानीय निर्धारित कार्यसूची के अतिरिक्त अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन भी ग्राम सभाओ में किया गया। ग्राम सभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम सभा सदस्यों द्वारा पूरे उत्साह से भागीदारी सुनिश्चित की गई। ग्राम सभाओं में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारीए नशा मुक्ति ग्राम, शुद्ध पेयजल की नियमित उपलब्धता, कुपोषण मुक्त ग्राम,



किशोरियों की सुरक्षा, बाल हितैषी एवं महिला सशक्तिकरण विजनएहर घर जल कार्यक्रम, अमृत सरोवर संरचना के रखरखाव एवं उपयोग, ग्राम गौरव दिवस, राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने स्वयं की आय के प्रावधानों का प्रचार प्रसारए मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना एवं अन्य विषयों पर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई और चर्चा हुई । ग्राम सभाओं में उपस्थित नागरिकों द्वारा नशा मुक्ति की एवं स्वच्छता शपथ ली गई।

# सही लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है सही प्रयास



**कटनी, यशभारत।** प्रधान जिला न्यायाधीश मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में टेवाइट कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि सही लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि प्रयास सही दिशा में किया जावे श्री अग्रवाल ने नालसा अंतर्गत आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना 2015 और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास चौहान, जिला अधिवक्ता बार के अध्यक्ष अमित शुक्ला, अंजुला बजाज, राजकुमार बक्सी, सहित पीएलव्ही श्रीमती प्रीति सेन, अक्षय बजाज एवं आभार प्रदर्शन सुकीर्ति जैन तथा कॉलेज के अन्य शिक्षकगण तथा स्टॉफ ने किया।

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

# गोलबाजार रामलीला पहुंची महापौर कमेटी ने रखी मैदान सुरक्षित रखने की मांग





**कटनी, यशभारत।** गोलबाजार रामलीला में कल महापौर श्रीमती प्रीति सूरी का कमेटी की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर कमेटी के सचिव भरत अग्रवाल ने यहां प्रस्तावित आडिटोरियम को लेकर महापौर का ध्यान आकृष्ट कराया साथ ही कहा कि देश में देश भर की परंपरा है कि रामलीला के मैदान को सुरक्षित रखा जाए यह हमारी पारंपरिक पहचान होती है। दिल्ली के रामलीला मैदान भोपाल का दशहरा मैदान या फिर जबलपुर हर जगह रामलीला के जरिए धर्म की गंगा बहाने वाली रामलीला के मैदान सुरक्षित हैं कटनी में अन्य कहीं भी आडीटोरियाम बन सकता है, अतः गोलबाजार में आडीटोरियम का निर्माण न हो। इस पर महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि कि जनहित के लिए वह ध्यान देंगी। इससे पूर्व गोलबाजार रामलीला कमेटी की ओर से महापौर प्रीति सूरी का रामदरबार की फोटो के प्रतीक चिन्ह भेंट कर कमेटी के पदाधिकारियों ने सम्मान किया उनके साथ नरेश अग्रवाल, गौरव सूरी ने भी भगवान राम का आशीर्वाद लिया। कमेटी के भरत अग्रवाल, अध्यक्ष रणवीर कर्ण, उपाध्यक्ष रवि खरे, आशूतोष शुक्ला, संतोष अग्रवाल, शरद अग्रवाल, दीपक सोनी टंडन, आशीष कंदेले, नीरज अग्रवाल, रोहित सेन, धमेद्र तिवारी, अंकुश रजक, श्री कान्त गर्ग, वेंकटेश मिश्रा, प्रशान्त अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार आशीष सोनी तथा पूर्व पार्षद श्रीमती शिल्पी सोनी ने भगवान राम की पूजा अर्चना की। कमेटी की ओर से उनका सम्मान किया गया।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

# सत्संग के साथ मनाया गया जन्म दिन

**कटनी।** संत निरंकारी मंडल, कटनी के जोनल इंचार्ज नौतनदास केवलानी जी का जन्मोत्सव गत 2 अक्टूबर रविवार को मनाया गया इस अवसर पर शाम 5 बजे से 7 बजे तक विशाल सत्संग का आयोजन किया गया, सत्संग के बाद सर्वसाध संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गयी थी। इसी उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, मनोज नौगरिया, पार्षद गण गोविन्द चावला, ईश्वर बहरानी, सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार नानकानी एवं सदस्यगण विजय रोहरा,



दीपक भगवानी, जय रायसिंघानी, मनीष कलवानी, सिंधु नौजवान मंडल से राजकुमार जीवनानी, मनोहर गलानी, संजय जीवनानी, टेकचंद साहनी, सिंधी भावरन ग्रुप श्री दौलतराम कलवानी, राजकुमार लालवानी, अमरलाल पंजवानी आदि ने स्वागत किया गया।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से
विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.15, 3.45,6.30 एवं रात्रि 10 बजे से
PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

MR.DIY
NOW OPEN
City Mall - Katni

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 30 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
विक्रम वेधा
कलाकार- ऋतिक रोशन, सैफ अली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, मंगलवार, 04 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मिडिया के प्लेटफॉर्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# कटनी में 8 दशक पुराना है दशहरे का अतीत

## स्व. लल्लू भैया ने शुरू कराई थी देवी प्रतिमा स्थापना और दशहरे की परंपरा

यश भारत
दशहरा विशेष

**कटनी, यशभारत। कटनी में आदिशक्ति मां जगदम्बे की प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला वर्ष 1937 से शुरू हुआ, जबकि सन 1884 से गोलबाजार रामलीला के मंचन का सिलसिला शुरू हो चुका था और 1929 के आसपास स्व. रामदास अग्रवाल (लल्लू भैया) इसकी कमान भी संहाल चुके थे, तब कटनी में विजयादशमी पर्व पर चल समारोह आयोजित करने का रिवाज नहीं था। स्व. लल्लू भैया ने समूचे शहर को इस धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व से जोड़ने के उद्देश्य से 1937 में अपने बाड़े में मां भवानी की स्थापना का सिलसिला शुरू किया।**

अल्फेटगंज स्थित उनके पुराने निवास पर मां जगदम्बे की विधिविधान से स्थापना की गई। दशहरे के दिन मां भवानी की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस समिति के लोगों ने धूमधाम से निकाला, इसमें गोलबाजार रामलीला कमेटी के लोग भी सम्मिलित हुए। धीरे-धीरे यह सिलसिला बढ़ता गया। अगले वर्षों में लल्लू भैया ने कुछ और स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित कराईं। करीब एक दशक बाद प्रतिमाओं की संख्या भी दर्जनों में हो गई। वक्त गुजरता गया। नई पीढ़ी अपने गौरवमयी अतीत से प्रभावित होकर इस परम्परा से जुड़ती चली गई। साल-दर-साल साज-सजावट में भी रौनक आती गई। दुर्गा समितियों के बीच होड़ के चलते शहर दुल्हन की तरह सजने लगा। 1970 और 1980 के दशक तक प्रतिमाएं सैकड़े का आंकड़ा पार कर चुकी थीं और पिछले 10 वर्षों में तो तीन सैकड़े के आसपास दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाने लगी है। देवी स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन भी बढ़े



और सारा शहर भक्ति में रमने लगा। बुजुर्गों से हासिल जानकारी के मुताबिक पहले दशहरा जुलूस गोलबाजार रामलीला कमेटी के बैनर तले ही निकलता था, बाद में जब घंटाघर रामलीला कमेटी अलग हुई तो दशहरा जुलूस के नेतृत्व को लेकर भी खींचतान शुरू हुई। नतीजा यह निकला कि दुर्गा उत्सव कमेटियों के बीच भी बटवारा शुरू हो गया। कोई घंटाघर रामलीला के साथ शामिल होने लगा तो कोई गोलबाजार के साथ।


### मैसूर के दशहरे से प्रभावित थे लल्लू भैया

कटनी में सांस्कृतिक रचनात्मकता एवं धार्मिक भावनाओं के उत्प्रेरक स्व. लल्लू भैया वर्षों गोलबाजार रामलीला के संरक्षक रहे। पहले दशहरे के समय छोटी सी रामलीला हुआ करती थी और लोग बड़े नगरों खासकर कलकत्ता, मैसूर के दशहरे की चर्चा किया करते थे। बुजुर्ग बताते हैं कि स्व. लल्लू भैया ने नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के लिये लोगों को प्रेरित किया और उनके अथक प्रयासों से पहला दशहरा चल समारोह जब शहर की सड़कों से निकला तो धर्म का प्रवाह हो चला। स्व. लल्लू भैया द्वारा 8 दशक पहले की गई इस शुरूआत ने अब एक परम्परा का रूप ले लिया है और अब कटनी का दुर्गोत्सव और दशहरा पर्व न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान रखता है। कटनी के साथ ही कैमोर नगर में ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव आयोजित किया जाता है, जहां 90 फुट का रावण दहन होता है।

### ड्रम और पीपे से बनता था रामलीला का स्टेज

60 वर्ष पहले घंटाघर में स्टेज नहीं था, सिर्फ खाली मैदान था। ड्रम और पीपे का स्टेज बनाकर रामलीला कराई जाती थी। 1978 में घंटाघर रामलीला कमेटी का विस्तार हुआ। घंटाघर रामलीला ने शहर को हर वर्ष कुछ न कुछ नया दिया है।

### महाकाली का दिव्य रूप



जय मां भारत दुर्गा पूजा समिति कुठला में स्थापित मां महाकाली की भव्य प्रतिमा।

# दोपहिया वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

### 25 लाख की 28 मोटर सायकल बरामद, मुखबिरों की सूचना पर कुठला पुलिस को मिली सफलता



**कटनी, यशभारत।** कुठला पुलिस को दोपहिया वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरोह के पास से पुलिस ने 25 लाख 80 हजार रुपए की 28 मोटर सायकल बरामद की गई हैं। आरोपी चोर मोटर सायकल चोरी करने के बाद नंबर प्लेट बदलने के साथ ही चेचिस नंबर मिटा देते थे। पकड़े गए तीन आरोपियों में एक आरोपी रीवा जिले का है जबकि दो आरोपी कटनी के हैं। वाहन चोर गिरोह पकड़े जाने के बाद कुठला थाना में आयोजित पत्रकारवार्ता में एसपी सुनील कुमार जैन ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक मोटर सायकल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर भेजा गया। जहां से मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने रीवा जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के बहियारी गांव निवासी सुनील पिता गणेश साकेत को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सुनील ने मोटर सायकल की चोरी करने की बात स्वीकार की। साथ ही उसने मोटर सायकल चोरी करने वाले अपने दो साथियों के नाम भी बताए। जिस पर पुलिस ने कैलावारा निवासी दीपक पिता लल्लू कुशवाहा और प्रजापति मोहल्ला निवासी सोनू पिता कालूराम साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दीपक और सोनू ने भी मोटर सायकल चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 28 मोटर सायकल बरामद की। बरामद की गई मोटर सायकल 25 लाख 80 हजार रुपए की आंकी गई है। आरोपी मोटर सायकल चोरी करने के बाद नंबर प्लेट बदल देते थे, साथ ही चेचिस नंबर भी मिटा देते थे। जिसके बाद मोटर सायकल को बेच दिया जाता था। एसपी सुनील कुमार जैन, एएसपी मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा सीएसपी विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे, एसआई प्रियंक राजपूत, एएसआई श्यामनारायण सिंह, प्रहलाद पैकरा, संदीप बाल्मिक, भूपेन्द्र अग्निहोत्री, दीपेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, नरेन्द्र पटैल, राजेश चौधरी, भगवत प्रसाद चौधरी, मनीष असैया, लेखपाल सिंह, नीरज पांडेय, आरक्षक सत्येन्द्र सिंह, अजय यादव, अनमोल, मनु त्रिपाठी, शमसेर सिंह, संजय यादव, कमल यादव, दीपक यादव, सायबर सेल के अजय शंकर की भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



### अब 1 अप्रैल तक सारनाथ एक्सप्रेस में लगेगा एक अतिरिक्त कोच

### यात्री दबाव को देखते हुए रेलवे ने बढ़ाई अवधि

**कटनी, यशभारत।** छपरा से दुर्ग के बीच कटनी होकर प्रतिदिन चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में नवरात्र पर्व के दौरान बढ़े यात्री दबाव को ध्यान में रखकर रेलवे ने ट्रेन में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थाई कोच लगाना शुरू किया था। जिसे अब बढ़ाने का निर्णय लिया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन छपरा से 3 अक्टूबर से 31 मार्च 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन दुर्ग से 4 अक्टूबर से 1 अप्रैल तक अस्थाई तौर एक शयनयान श्रेणी कोच बढ़ाया गया है।



# आजाद चौक में देर रात चलता रहा भंडारा

### बारडोली उत्सव समिति ने किया आयोजन

**कटनी, यशभारत।** शहर की सामाजिक संस्था बारडोली उत्सव समिति कटनी द्वारा नवरात्र पर्व की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर आजाद चौक स्थित राजिल टेंट हाऊस के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, समाजसेवी संजीव सूरी, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन द्वारा किया गया। भंडारा रात 8 बजे से शुरू होकर रात 12 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर कढ़ी-चावल का वितरण किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करते हुए पुण्यलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश दीक्षित, राजू रजक, आशीष सोनी, शिल्पी सोनी, आशीष रैकवार, अनिरुद्ध बजाज, रौनक खंडेलवाल, सचिन शर्मा, सूर्यकांत गौतम, राजेश पटेल, अखिलेश पुरवार, प्रमोद सरावगी, अनिल गुप्ता, विष्णु वलेचा, कालू ताम्रकार, संजीव चतुर्वेदी, अक्षय बजाज, सुभाष मालाकार, श्रीमती अंजुला सरावगी, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, वीरू जार, अभिजीत कस्तवार, सौरभ नायक, सत्यदर्शन मिश्रा, राजेश पटेल, शैलेन्द्र वीरेंद्र चंम्पुरिया, नारायण गट्टानी, राजिल रजक, अजय निगम, अखिलेश पुरवार, अनिल गुप्ता, कालू ताम्रकार, राजू रजक, मनोज निगम, देवेंद्र पाड़ी, राजेश बोके, रामनरेश के साथ ही शहर के नागरिकों, पत्रकारों, समाजसेवियों ने सहयोग प्रदान किया। बारडोली उत्सव समिति के अध्यक्ष राजू रजक ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शहीद द्वार में महाआरती एवं भंडारा



नवरात्र अष्टमी के अवसर पर नई बस्ती स्थित शहीद द्वार में माता रानी को छप्पन भोग व महाआरती का आयोजन समाजसेवी अभिलाष दीक्षित द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। आज नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे विक्की संगतानी, अमन रजक, संजू गौतम, शानू गुप्ता, मानू पटवा, किशन बर्मन का सहयोग रहा।

# अष्टमी पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन

### आज नवमी पर विसर्जित होंगे जवारे



**कटनी, यशभारत।** चंद्रशेखर आजाद वार्ड के अंतर्गत बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में शारदेय नवरात्र पर्व की अष्टमी पर सुबह 11 बजे से हवन, महाआरती एवं दोपहर 2 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आज नवमी के दिन शाम 7 बजे जवारा विजर्सन जुलूस निकाला जाएगा। जो कि मरही माता मंदिर से शुरू होकर आजाद चौक होते हुए कटनी नदी पहुंचेगा, जहां अपार श्रद्धाभक्ति के बीच जवारों का विसर्जन किया जाएगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरी सभी अंकसूचियों में मेरा नाम कुमारी गरिमा सराफ पिता श्री अरूण कुमार सराफ अंकित है। मेरा विवाह दिनांक 09/06/2022 को अंशुल डेंगरे पिता श्री कमलेश कुमार डेंगरे के साथ हुआ है। विवाह के पश्चात मुझे गरिमा डेंगरे के नाम से जाना व पहचाना जाता है और आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक खाता पासबुक, समग्र आईडी राशन कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम गरिमा डेंगरे अंकित है। अतः गरिमा डेंगरे तथा कुमारी गरिमा सराफ दोनों ही मेरे ही नाम हैं। अतः आज से मुझे गरिमा डेंगरे के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**गरिमा डेंगरे, पति श्री अंशुल डेंगरे निवास हाउस नंबर 965 मोना गोल्डन टांसपोर्ट गली जालपा मढिया संस्कार भारती स्कूल के पास, कटनी।**

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/04/प्रवा/वि.अधि/2022 कटनी दिनांक 03.10.2022

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये) विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैलाश चंद्र तिवारी आ. स्व. श्री हरीदत्त तिवारी (विवाहित), साकिन एसीसी विद्यालय के पास एमएसटी आरटीसी 7 एसीसी कॉलोनी कैमोर खलवारा तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483880 एवं आवेदिका रूचि तिवारी पिता स्व. श्री नंदा वल्लभ पांडे (विवाहित) साकिन एसीसी विद्यालय के पास एमएसटी आरटीसी 7 एसीसी कॉलोनी कैमोर खलवारा तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483880 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपये चालान क्रमांक 0 051/9999999/0070/10/22/001112 दिनांक 03/10/2022 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/ आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति /एतराज/ दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 10/10/2022 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाशक / प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया। आगामी तिथि 10.10.2022

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी कटनी जिला कटनी म.प्र.**

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्र. 3582/विद्युत विभाग/2021-22 तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना कटनी, दिनांक 29/09/2022

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगरीय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समस्त सड़क प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित किये गये पोलों में पोल क्रमांक अंकित कराये जाने हेतु ई-टेन्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत आन लाइन निविदायें http://www.mptenders.gov.in पर key Date & Time अनुसार मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत सी. क्लास जीवित पंजीयनधारी हो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते और जानकारी एवं संशोधन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | स्थल का नाम जहां कराया जाना है | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | प्राक्कलन राशि (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगरीय सीमा क्षेत्र अंतर्गत संड़क प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित पोल में में रंग पेन्ट से पोल क्रमांक अंकित करने का कार्य | 2000.00 | 175000.00 | 3500.00 | 2 माह |

नोट-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होता है, तो बेबसाइड पर प्रकाशित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं
1- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 3-10-2022 सांयकाल 5.30 बजे से।
2- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10-10-2022 सांयकाल 5.30 बजे तक।
3- बिड खोलने की तिथि 12-10-2022 प्रातःकाल 11.00 बजे।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगर पालिक निगम कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 30th September 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**Required**

An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.

**M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd, MadhavnagarKatni Mo. 9827261961 Email-rk.katni@gmail.com**

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

# ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हुए शिविर

## विधायक और जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने की सहभागिता में वितरित किए स्वीकृति पत्र



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविरों की श्रृंखला में ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर शिविरों का आयोजन हुआ। जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देश पर शिविरों में चिन्हित एवम शासन द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी जा रही है। सर्वे दल और संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्रों को लिया जाकर परीक्षण एसत्यापन एवं पात्रता की जांच के उपरांत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और प्रमाण पत्रों का वितरण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है। विकासखंड कटनी के ग्राम पिपरोंध में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री जायसवाल द्वारा अधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया। वही जनपद क्षेत्र कटनी के ही अन्य ग्राम तखला में आयोजित शिविर में भी विधायक संदीप जायसवाल एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने शामिल होकर नागरिकों की समस्याओं को ध्यान से सुना एवं पात्रतानुसार समुचित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विधायक श्री जायसवाल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में पेंशनए खाद्यए किसान क्रेडिट कार्डए एसबीएम और विविध योजनाओं के स्वीकृति एवं प्रमाण पत्रए पात्र हितग्राहियों को वितरित किए गए। आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं का भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियो और अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# बारडोली महाविद्यालय में रंगारंग गरबा प्रस्तुति, एक झलक गुजराती संस्कृति की





**कटनी,यशभारत।** बारडोली महाविद्यालय कटनी के प. दीनदयाल आडिटोरियम में गरबा उत्सव कार्यक्रम को रंगारग प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। गरबा उत्सव में बारडोली महाविद्यालय एवं बारडोली पब्लिक स्कूल मुख्य संयोजक रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी पं सुनील उपाध्याय, महाविद्यालय के अध्यक्ष विनोद विलौहा एंव श्रीमति श्वेता उपाध्याय थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माॅ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माॅ सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। इस रंगारग कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिवादन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील उपाध्याय ने अपने उदबोधन में शारदेय नवरात्र की सभी छात्रों व स्टॉफको बधाई दी एवं अपने संदेश में कहा संस्कार के साथ शिक्षा देना हमारा उद्वेष्य है इसी आधार पर उन्होंने बारडोली महाविद्यालय की नीव रखी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बारडोली पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने अपनी प्रस्तुति की। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गरबा प्रस्तुती की गई अंत महाविद्यालय स्टॉफद्वारा भी गरबा प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन संगीता जाटव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक राकेश गुप्ता द्वारा किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में महाविद्यालय के मनोज प्यासी, मनीषा सिंह चंदेल, विधि जैन, गायत्री मंद्राह, नेहा श्रीवास्तव, डॉ. नैनसी डायर लखन साकेत, स्मृति मौर्य, पवन दाहिया, शैलेन्द्र बड़गैया, सारिका साहू, भारती पांडे,नीतू बर्मन, आदि समस्त स्टाफ एवं बी.एड.,डी.एड.बी.ए.बी.एड. एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# आदिशक्ति पूजन के साथ गरवा महोत्सव में प्रतिभगी पुरस्कृत





**कटनी,यशभारत।** टेवाईट महाविधालय में माॅ भगवती का पूजन डायरेक्टर सुकीर्ति जैन, ने पूर्ण कर गरवा महोत्सव का शुभारम्भ किया। 135 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने माॅ भगवती की गरवा नृत्य के माध्यम से आराधना की। छात्रों को प्रोत्साहन देने परिजनों की उपस्थिति भी रही। 3:30 घंटे चले गरवा नृत्य महोत्सव में सर्वश्रेष्ट नृत्य क्षमता( सर्वाधिक समय तक स्टेज पर बने रहना ) में भूमिका रावत को मुख्य अतिथि जिला प्रधान न्यायाधीश अनिल अग्रवाल ने सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिए ऋच्चा मिश्रा को विशिष्ट अतिथि दिनेश नोटिया न्यायाधीश एवं जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमित शुक्ला ने छात्रा मोना महोबिया को सर्वश्रेष्ठ नृत्य कला के लिए सम्मानित किया। नृत्य की विभिन्न विद्याओं में पारंगत जैसमीन बानो को न्यायाधीश विकास चौहान, संकल्प भट्ट को प्राचार्य जैनेन्द्र द्विवेदी एवं वंशिका पांडे को मंजुला बजाज, राज्य अधिवक्ता परिषद प्रतिनिधि ने सम्मानित किया। समस्त अतिथियों का स्वागत डिप्टी डायरेक्टर संचित जैन एवं विपिन गर्ग ने पुष्प माला से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन एवं संचालन अनिरुद्ध बजाज प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य परिषद ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुरेन्द्र राजपूत, वैध सुरेंद्र विश्वकर्मा, पंडित मनमोहन शुक्ला, श्याम तिवारी, पत्रकार अनंत गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार मनोज निगम, सदस्य आयुध निर्माण परिषद प्रीति सैन, विधिक प्राधिकरण सदस्य आर.के. बक्शी,एडव्होकेट सुभाष मालाकर, अक्षत बजाज को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी नीतु चौबे डॉ. पूनम मिश्रा, संयोगिता त्रिपाठी,सुरभि जैन, अजय दुबे, शिवम परौहा, शशांक जैन, रश्मि वर्मा, इमरान खान, शरद पटैल का विषेश योगदान रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कलेक्टर ने किया शतायु मतदाताओं का सम्मान

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के व्हीसी रूम में आयोजित वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शतायु एवं वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। शतायु मतदाताओं के इस सम्मान समारोह में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते , निर्वाचन सुपरवाइज़र रवि बडगैंया , बी एल ओ तथा सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने समारोह में शामिल हुये शतायु मतदाताओं से उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने इस मौके पर वरिष्ठ मतदाताओं से मतदान को लेकर उनके अनुभव भी जाने। वरिष्ठ मतदाताओं सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं उप आयुक्त अनूप कुमार पांडे तथा मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने व्हीसी के जरिये वरिष्ठ मतदाताओं से बात भी की तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जिले में 16 ऐसे मतदाता हैं जो वरिष्ठतम श्रेणी और शतायु वर्ग के है। इनमें से स्वास्थ्य के आधार पर तीन मतदाताओं को इस समारोह में आमंत्रित किया गया था तथा कलेक्ट्रेट तक उन्हें लाने की विशेष व्यवस्था जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई थी। शेष वरिष्ठ मतदाताओं को जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आज उनके घर जाकर शाल, श्रीळ्ल्ल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके लिए पृथक से संबंधित एसडीएम और तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आर आई एवं पटवारी की बीएल ओ की डियुटी लगाई गई थी।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: कटनी गार्वेज फ्री सिटी में थ्री स्टार शहर घोषित

**कटनी,यशभारत।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के रिजल्ट दिल्ली में घोषित किए गए जिसमें कटनी को 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर में देश में 33 वा स्थान के साथ थ्री स्टार गार्बेज फ्री सिटी एवं ओडीएफप्लस प्लस घोषित किया गया। नगरनिगम आयुक्त श्री सतयेन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में एवं आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के प्रयासों से रेंकिंग में सुधार हुआ है। कटनी स्वच्छता में निरंतर आगे बढ़ रहा है जो रेंकिंग स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2021 में 47 स्थान प्राप्त हुआ था अब वह अब 33 वे नंबर के साथ थ्री स्टार भी घोषित किया गया है। निगमायुक्त श्री धाकरे नें बताया कि यह सामूहिक सहयोग का परिणाम ही है जो कटनी पहली बार गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार शहर घोषित हुआ है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में सफाई कामगारों, स्वच्छता की पूरी टीम, स्वच्छता में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ जिसके कारण ही हम यह रैंकिंग प्राप्त करनें में सफल हो सके। रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण होने पर रैंकिंग में कुछ कमी आई है। आगामी समय में नगर को उच्च स्तरीय रैंकिंग दिलाना ही हमारा संकल्प और प्रयास रहेगा। महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने थी स्टार रैंकिंग प्राप्त होने पर नगर वासियों को बधाई प्रेषित कर आगामी समय में भी इसी तरह से नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।



# मदन मोहन चौबे स्कूल पहुंचकर टंकी कार्य का किया निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** सुचारू पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए मदन मोहन चौबे वार्ड स्कूल प्रांगण स्थित पुरानी जर्जर टंकी स्थल पर 2 लाख लीटर की नवीन टंकी एवं संपवेल का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा स्कूल प्रांगण पहुंचकर टंकी तुड़वाई कार्य एवं संपवेल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाकर टंकी तुड़ाई के कार्य पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ करने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान स्कूल के अतिक्रमण स्थल का जायजा लिया जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती अलका अरूण पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल, सहायक यंत्री अश्विनी पाण्डेय, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## एनएमएमएस स्कॉलरशिप परीक्षा हेतु छात्रों के पंजीयन के मामले में कटनी प्रदेश के 3 अग्रणी जिलों में शामिल

**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए छात्रों के पंजीयन एवं सत्यापन सहित स्कूलों की भागीदारी के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 3 अग्रणी जिलों में शामिल है। इस परीक्षा मे आठवीं के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं, जिन्हें आगे की नवीं से 12वीं तक की पढ़ाई करते समय सालाना 12हजार रूपये की स्कॉलरशिप मिलेगी। राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 12000 रूपये की छात्रवृत्ति अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण करने तक प्राप्त होती है। योजना में शासकीय , शासकीय अनुदान प्राप्त और स्थानीय निकाय द्वारा संचालित शालाओं की कक्षा आठवीं में नियमित अध्ययनरत ऐसे कमजोर वर्ग के विद्यार्थी पात्रता परीक्षा में शामिल होते हैं जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय कम होती है। जिला परियोजना समन्वयक केके डे हरिया ने बताया कि एन एम एम एस स्कॉलरशिप परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार मिले और उनके मार्ग में आर्थिक तंगी के रुकावट ना आए ,इसीलिए उन को प्रोत्साहित करने के लिए ली जाती है। श्री डेहरिया ने बताया कि इस स्कॉलरशिप में सहभागिता के लिए कटनी जिले के 87.03 फीसदी स्कूलों की सहभागिता के साथ छात्रों के पंजीयन का प्रतिशत 80.90 और इनके सत्यापन का आंकड़ा 88.02 प्रतिशत है। जो पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में पहले स्थान पर शाजापुर जिला और दूसरे स्थान पर रीवा जिला है

# बरही शासकीय कॉलेज में वृद्ध जन दिवस पर हुए विविध आयोजन




**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ.आर .के .वर्मा के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अरविंद सिंह के निर्देशन एवं सुश्री प्रियंका तोमर व डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के साथ ष्वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा छात्र-छात्राओं को रक्तदान से संबंधित जानकारी दी गई एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा रक्तदान के महत्व को समझाया गया, डॉ.नीलम चतुर्वेदी व डॉ मंजुलता साहू द्वारा रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर रक्तदान के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया साथ ही डॉ राकेश दुबे के द्वारा वृद्धों का समाज में महत्व बताया गया कि ष्परिवार में वट वृक्ष के समान होते हैं बुजुर्ग प्रो आर के आर के त्रिपाठी व डॉ एस एस धुर्वे द्वारा छात्र छात्राओ का मार्गदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक विक्रम जायसवाल व आभार प्रदर्शन मनोज चौधरी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे पुष्पेंद्र तिवारी, राजेंद्र साकेत सहित समस्त स्टाफएवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति व सहयोग रहा।

# शिविर में दी जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी



**कटनी,यशभारत।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित की जाने वाली विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी से अवगत कराकर योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को प्रदान करनें के उद्धेश्य से शासन निर्देशों के परिपालन तथा महापौर एवं निगमायुक्त के मार्गदर्शन मे निगम प्रशासन द्वारा रोजाना वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी उपायुक्त पवन अहिरवार नें जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर की श्रंखला में शुक्रवार प्रातः 10 बजे से वार्ड क्रमांक 27,28 एवं 29 हेतु प्रा.शा.भवन मदन मोहन चौबे वार्ड तथा वार्ड क्र. 43 एवं 44 हेतु सामुदायिक भवन विश्राम बाबा वार्ड में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाकर चिन्हित 33 योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। आयोजित शिविर स्थल का विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निरीक्षण कर योजनाओं के प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली जाकर हितग्राहियों को शासन के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदाय की जाकर वार्ड के अन्य नागरिकों को भी लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित करनें की अपील की गई। विधायक संदीप जायसवाल एवं महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड स्कूल शिविर के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा संपत्ति कर की राशि बकाया होनें पर प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त न होने की जानकारी से अवगत कराने पर अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर नियमों की जानकारी लेकर नियमानुसार योजना का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल एवं महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्टाफके साथ स्कूल कर निरीक्षण किया जाकर नाली निर्माण, पेवर ब्लाक एवं कक्षों की मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कराने हेतु उपयंत्री संजय मिश्रा के निर्देशित किया गया।

## एक और प्रकरण में सीईओ ने राशि वसूली हेतु जारी किया नोटिस

**कटनी,यशभारत।** एक और अन्य प्रकरण में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के प्रतिवेदन पर विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत कुआं के तत्कालीन प्रधान सरपंच प्रहलाद सोनी और प्रभारी सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक अतुल सिंह द्वारा पंचायत निधि से सीसी रोड एवं ग्रेवल निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने तथा तथा गुणवत्ताहीन और क्षतिग्रस्त निर्माण के संबंध में अनियमित व्यय राशि 11,30,431 ग्यारह लाख तीस हजार चार सौ इकतीस रुपए की वित्तीय अनियमितता पाए जाने के फलस्वरूप न्यायालय अपर कलेक्टर कटनी द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवम ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए परीक्षण किया गया। विहित प्राधिकारी एवं अपर कलेक्टर कटनी द्वारा दोषी अनावेदको द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों के आधार पर विधिसंगत सुनवाई के उपरांत विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने पर 11,30,431 राशि वसूली का आदेश पारित किया है।

# स्वच्छता की अलख जगाने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया स्वच्छता रथ




**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संवाद और विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। कूड़ा कचरा प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण तथा सामुदायिक डस्टबिन का उपयोग, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम्स एवं उसके दुष्प्रभाव से आम जनता तथा विक्रेताओं को सुसंगत जानकारी से अवगत करानाए प्रत्येक ग्राम में सार्वजनिक अथवा दृश्य स्थानों पर पड़े हुए घूरों की सफाई करना और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को समाप्त करने 2 अक्टूबर को होने वाली ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित करना, ओडीफ प्लस की गतिविधियों पर आधारित संवाद कार्यक्रम, गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रखने के फायदे से समुदाय में जागरूकता की गतिविधियां, खुले में कूड़ा कचरा नहीं फेंकने, शौचालय विहीन परिवारों में शत-प्रतिशत घरों में शौचालय का निर्माण आदि के संबंध में जन जागरूकता हेतु गीताबाई अध्यक्ष जनपद कटनी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर स्वच्छता रथ रवाना किया। स्वच्छता रथ में ग्रामीणों के लिए हस्ताक्षर हेतु उपलब्ध बोर्ड पर जनपद अध्यक्षए उपाध्यक्ष सहित अधिकारी कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए। स्वच्छता रथ के द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत जुहली, जुहला, मड़ई, देवराखुर्द, सरसवाही, पडरिया, झलवारा, कटंगीकला, हिरवारा एवं पिपरिया के विभिन्न ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों पर आम जनों से संवाद कर स्वच्छता गतिविधियों का प्रचार एवं प्रसार किया जावेगा। इस अवसर पर जनपद कटनी की अध्यक्ष गीताबाई, उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, सीईओ आरएन सिंह, कमलेश सैनी जिला समन्वयक, जग्गी पटेल ब्लॉक समन्वयक, जगदीश पटेल विधायक प्रतिनिधि, भूषण पाठक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच इंदौर में आज तीसरा टी20

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में भारतीय टीम क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी तो वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम भी जीत के साथ सीरीज का अंत करना चाहेगी। टीम इंडिया इस मैच में विराट कोहली और केएल राहुल के बगैर उतरेगी जबकि मेहमान टीम में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। बता दें कि सीरीज के शुरू को दोनों मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम ने दक्षिण अफ्रीका को तिरूवनंतपूरम में 8 विकेट से हराया और उसके बाद गुवाहाटी में 16 रन से बाजी अपने नाम की। दोनों टीमों के बीच अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की परिस्थिति पहले दोनों जगहों से काफी अलग होगी। ऐसे में आइए एक नजर डालते हैं यहां के मौसम, पिच और टॉस से जुड़ी सारी जानकारी...

## टॉस और पिच से किसे मिलेगा फायदा




### इंदौर का मौसम

एक्यूवेदर के मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक इंदौर में आज बारिश के कोई आसार नहीं हैं। हालांकि शाम को बादल रहने की उम्मीद है। मैच शाम को सात बजे से शुरू होगा, उस वक्त मौसम काफी सुहावना रहेगा और अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। इसके अलावा 10-15 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। इसके अलावा यहां ओस का अधिक असर नहीं रहेगा।

### कैसी है होल्कर स्टेडियम की पिच

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में तीसरी बार कोई टी20 मुकाबला खेला जाएगा। यहां हमेशा से बल्लेबाजों का बोलबाला रहा है। लेकिन स्पिनरों को भी यहां मदद मिलती रही है। भारत यहां अभी तक एक भी मैच नहीं हारा है।

### टॉस कितना महत्वपूर्ण

इस स्टेडियम में टॉस से ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है क्योंकि यहां पूरे मैच के दौरान एक जैसी ही स्थिति रहती है। बल्लेबाजों को यहां हमेशा मिलती रही है, ऐसे में दूसरे टी20 मैच की तरह ही यहां भी खूब रन देखने को मिल सकते हैं। भारत ने टी20 का अपना सबसे बड़ा स्कोर 260/5 इसी मैदान पर बनाया था। श्रीलंका के खिलाफ 2017 में खेले गए इस मैच में कुल 432 रन बने थे, जिसे भारत ने 88 रनों से जीता था। इसके बाद दूसरा मैच जनवरी 2020 में खेला गया और यह भी श्रीलंका के खिलाफ ही था। इस मैच में टीम इंडिया ने 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की थी। इसका मतलब यह है कि इस मैदान पर खूब रन बनते हैं।

### किसने बनाए हैं सर्वाधिक रन और किसे मिले हैं सबसे अधिक विकेट

बल्लेबाजों की बात करें तो यह मैदान केएल राहुल को काफी रास आता है। उन्होंने यहां दो मैचों में 67 की औसत और 165.43 की स्ट्राइक रेट से 134 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने सिर्फ एक मैच खेला है और उसमें उन्होंने 274 की स्ट्राइक रेट से 118 रन की पारी खेली थी। इस मैच में उन्होंने 12 चौके और 10 छक्के लगाए थे। गेंदबाजों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल सफल रहे हैं। कुलदीप ने दो मैच में पांच जबकि चहल ने एक मैच में चार विकेट लिए हैं।

# धोनी का ये रिकार्ड इस बार भी रहेगा बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का इस बार भी एक रिकार्ड बना रहेगा। धोनी ऐसे एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 और एकदिवसीय विश्वकप जीते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 8वें टी20 वर्ल्ड कप में एक भी ऐसा कप्तान नहीं हैं जिससे ये दोनो ही कप जीते हों। इसमें भाग ले रही टीमों के एक भी कप्तान ने अब तक विश्वकप नहीं जीता है। ऐसे में कोई भी धोनी के करीब नहीं पहुंचेगा। वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी ने बतौर कप्तान सबसे अधिक दो बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता है। वहीं इंग्लैंड के पॉल कोलिंगवुड, ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और पाकिस्तान के यूनुस खान ने बतौर कप्तान एक-एक बार ही टी20 विश्वकप जीता है। वहीं एकदिवसीय विश्व कप दो-दो बार जीतने वाले कप्तान हैं वेस्टइंडीज के कप्तान क्लाइव लॉयड और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेन बॉर्डर, माइकल क्लार्क, पाकिस्तान के इमरान खान, भारत के कपिल देव और श्रीलंका के अर्जुन रणतुंगा और ऑस्ट्रेलिया के ही स्टीव वॉ ने एक-एक बार एकदिवसीय विश्व कप जीता है। धोनी टी20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक मैच जीतने वाले कप्तान हैं। उन्होंने 33 मैच में कप्तानी करते हुए 20 में जीत हासिल की जिसमें टीम को 11 में हार का सामना करना पड़ा है , वहीं एक मैच टाई रहा है। वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी 18 में से 11 मैच जीतकर दूसरे नंबर जबकि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भी 16 में से 11 मैच जीते हैं। स्मिथ और सैमी बतौर कप्तान 11-11 मैच जीतकर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।



# दीपिका, रणवीर ने इंस्टाग्राम पर फ्लर्टी मैसेज भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह बबल गम पिंक सूट पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने बालों को खुला रखकर लुक को पूरा किया। उन्होंने इसे गुलाबी दिल वाले इमोजी के साथ कैप्शन दिया। अपने अलग होने की अटकलों पर पूर्ण विराम लगाते हुए दीपिका ने कमेंट सेक्शन पर एक फ्लर्टी मैसेज भेजा। उन्होंने लिखा, फ्रखाने योग्य।फ्र इस पर रणवीर ने मुस्कुराते हुए और किस इमोजी के साथ जवाब दिया। मालूम हो कि रणवीर और दीपिका ने दिसंबर 2018 में संजय लीला भंसाली की %गोलियों की रासलीला.. राम-लीला% के सेट पर एक-दूसरे के प्यार में पड़ने के बाद शादी के बंधन में बंध गए। यह फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी।यह पहली बार नहीं है जब दीपिका और रणवीर ने सोशल मीडिया पर पीडीए पर कमेंट किया हो। पावर कपल एक-दूसरे के लिए सोशल मीडिया पर तस्वीरें और प्यार भरे कमेंट्स शेयर करते रहते हैं।


# खेल को बेहतर बनाने में लगी है नवनीत



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा है कि वह आगामी पेरिस ओलंपिक को देखते हुए अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान दे रही है। नवनीत के अनुसार अगले साल एशियाई खेल भी होने हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल उनके लिए एक अच्छा अभियान था, क्योंकि उन्होंने 16 साल के बाद कांस्य पदक जीता था। इस फारवर्ड खिलाड़ी ने कहा कि वह आगे बढ़ने वाली टीम में अपने को बड़ी भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं। नवनीत ने कहा, 'मुझे अपने गेम में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे मैं गेंद को नियंत्रित करने में बेहतर हो सकूं और बदले में खेल की गति को नियंत्रित करने में सक्षम हो सकूं, क्योंकि तब मैं अपनी गति से खेल सकती हूं और हालातों के अनुसार अपने गेम को चला सकती हूं।' राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान को लेकर उन्होंने कहा, 'पदक जीतने पर हमें बहुत खुशी हुई है, भले ही हमारी टीम सेमीफाइनल में हार के बाद थोड़ा निराश महसूस कर रही थी।

# मिस इंडिया रनरअप के पिता अब भी चलाते हैं ऑटो, त्वचा के काले रंग ने किया बेरोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ऑटो ड्राइवर की बेटी जिसने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर वो मुकाम हासिल किया, जहां पहुंचना हर लड़की का ख्वाब होता है। हम बात कर रहें हैं कि मिस इंडिया 2020 की रनरअप मान्या सिंह की। उनका घर छोटा था लेकिन सपने मुंबई की बिल्डिंग से भी ऊंचे। इन सपनों को साकार करने के लिए मान्या ने सालों कठिन परिश्रम किया। फिर एक दिन जाकर उनके सिर पर मिस इंडिया रनर अप का ताज सजा। अपनी इस जीत के बाद उन्हें लगा था कि अब उनकी किस्मत पूरी तरह बदल जाएगी और सब चीजें आसान होगी। लेकिन ग्लैमर की चकाचौंध भरी दुनिया में मान्या का सांवला रंग किसी को भाया नहीं। नतीजतन, उन्हें एक बार फिर संघर्ष करने के लिए खुद को तैयार करना पड़ा। मान्य सिंह बिग बॉस 16 में एंट्री ले चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने सलमान खान को बताया कि उनके पिता आज भी ऑटो चलाते हैं और मां लोकल से सफर करती हैं। मान्या ने कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि मुझ पर किसी तरह का अधिक भार आएं, इसलिए उनके पिता अभी भी ऑटो चलाते हैं। वहीं मान्या सिंह ने



बिग बॉस 16 के सेट पर एक चौंकाने वाला खुलासा भी किया। उन्होंने कहा, लोग सोचते हैं कि मिस इंडिया बनने के बाद जीवन पूरी तरह से बदल जाता है, लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है। मेरे पास दो साल से कोई काम नहीं था। या तो स्किन की टोन या किसी अन्य कारण से, मुझे बताया गया था कि आपको काम नहीं मिल सकता है। अपने संघर्षों की कहानी बताते हुए मान्या थोड़ी भावुक भी हो गई। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हर दिन वर्सोवा जाकर ऑडिशन देती थी। मिस इंडिया रनर अप की अपने अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देने के खूब पैसा कमाना चाहती हैं, जिसके लिए वो निरंतर मेहनत भी कर रही हैं। मान्या को जवाब देते हुए, सलमान ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस शो में उनके अभिनय के बाद उन्हें निश्चित रूप से अच्छा काम मिलेग। फिर उनके लिए जीवन बहुत आसान हो जाएगा। बता दें कि मिस इंडिया 2020 की रनरअप बनने से पहले मान्या को छह साल तक संघर्ष करना पड़ा था। मान्या सिंह के इस खुलासे के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि आज भी रंग के सामने टैलेंट की वैल्यू कम है। खैर ! अब देखना होगा कि मिस इंडिया रनर अप का ताज जीतने वाली मान्या सिंह बिग बॉस 16 का खिताब अपने नाम कर पाती हैं या नहीं।

# इंग्लैंड की उम्मीदों को लगा करारा झटका, टेस्ट क्रिकेट में वापसी नहीं करेगा यह स्टार ऑलराउंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने पाकिस्तान में टी20 सीरीज जीतने के बाद अपनी टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। मोईन ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी वापसी को लेकर स्थिति साफ कर दी है। 35 साल के मोईन ने यह साफ कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट में दोबारा वापसी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी इस बारे में कोच ब्रेंडन मैकुलम से बात चुकी है और उन्होंने टेस्ट में वापसी के अपने सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं।

### मोईन ने 2014 में किया था टेस्ट डेब्यू

मोईन ने 2014 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने 64 टेस्ट मैच में 28.29 की औसत से 2914 रन बनाए और साथ ही 195 विकेट भी झटके। मोईन ने पिछले साल सितंबर 2021 में टेस्ट फॉर्मेट से अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था। उन्होंने ओवल में भारत के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था।




### पाकिस्तान का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

इंग्लैंड के इस साल वर्ल्ड कप के बाद दिसंबर में पाकिस्तान का दौरा करना है और यहां तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। लेकिन मोईन ने साफ किया की तब वह टीम के साथ नहीं होंगे।

### कोच मैकुलम को बताई अपनी परेशानी

मोईन ने डेली मेल में एक लेख में कहा कि उनकी बाज (मैकुलम) से इसे लेकर एक अच्छी बात हुई थी लेकिन मैं दोबारा महीनों तक एक होटल में बंद नहीं रह सकता हूं। उन्होंने कहा कि बाज ने फोन किया था लेकिन मैनें उनसे माफी मांगते हुए कह दिया था कि मैं अब नहीं खेल सकता। उन्होंने मेरी भावनाओं का सम्मान किया।

### टेस्ट क्रिकेट एक मुश्किल काम

इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने अपने फैसले के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट एक मुश्किल काम है, मैं 35 का हो गया हूं। मैं अपने क्रिकेट का मजा उठाना चाहता हूं और यही सही नहीं होगा कि मैं अपने फैसले से पलटूं और फिर अपना बेस्ट देने में संघर्ष करूं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि इंग्लैंड के 64 टेस्ट मैच खेलना उनका लिए सम्मान की बात है और एक सपने के पूरे होने जैसा है।

# रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाबी गायक गुरु रंधावा अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर की 532वीं फिल्म से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता खेर ने इंस्टाग्राम पर गुरु रंधावा के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। तस्वीर में दोनों फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। अनुभवी स्टार ने गायक के ट्रैक हाई रेटेड गबरू को भी बैकग्राउंड में बजते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, मैं अपनी 532वीं स्क्रिप्ट पढ़ रहा हूं और यह उनकी पहली है ! भले ही वह पहले से ही एक सुपर स्टार हैं। देवियों और सज्जनो ! पेश है गुरुरंधावा - अभिनेता ! उन्हें अपना प्यार और आशीर्वाद दें ! जय माता दी ! उसी तस्वीर को साझा करते हुए, गुरु ने लिखा, मैं इससे बेहतर लॉन्च के लिए नहीं सोच सकता था। मैं अपनी पहली स्क्रिप्ट पढ़ रहा हूं और यह उनकी 532वीं है। उन्होंने कहा, मैं एक नया कलाकार हूं और खेरसाब एक लीजेंड हैं ( सर ये कहलाना पसंद नहीं करते )। आप लोग एक गायक के रूप में मेरे लिए बहुत उदार और दयालु रहे हैं। मैं बहुत मेहनत करने का वादा करता हूं !



# 10 बच्चों के पिता बने अमेरिकी अभिनेता-कॉमेडियन निक कैनन

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** अगर दुनिया में चर्चा जनसंख्या की होती है तो लोग चीन और भारत का जिक्र किया जाता है। इन दो देशों की जनसंख्या को देखकर लोग सोचते हैं कि एशिया के लोग सबसे ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। लेकिन इस धारणा को तोड़ते हुए अमेरिका के मशहूर एक्टर, कॉमेडियन और होस्ट 41 वर्षीय निक कैनन 10 बच्चों के पिता बन गए हैं। उन्होंने खुद यह खबर सोशल मीडिया पर शेयर की है। नेक कैनन ने 10 वें बच्चे का बाप बनने के बाद इंस्टाग्राम पर लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा। उन्होंने इसके लिए परिवार का शुक्रिया अदा किया। अभिनेता, संगीतकार और टीवी होस्ट कैनन कम समय में अलग-अलग महिलाओं के साथ कई बच्चे पैदा करने के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। खास बात यह है कि कैनन ने खुद कहा है कि ये बच्चे गलती से पैदा नहीं हो रहे हैं। बल्कि हर प्रेगनेंसी की प्लानिंग की गई थी। लेकिन लोग सोशल मीडिया पर कैनन को ट्रोल कर रहे हैं। वैसे देखा जाए तो कैनन ने सिर्फ एक महिला से शादी की है। लेकिन 6 अलग-अलग महिलाओं से उनके रिलेशनशिप रहे हैं। और हर महिला उनसे रिश्तों के बाद मां बनी है। उनका 10वां बच्चा मॉडल ब्रिटनी बेल से हुआ है। ब्रिटनी 28 सितंबर को तीसरे बच्चे की मां बनी। कहा जा रहा है कि कैनन 11वें बच्चे के भी बाप बनने वाले हैं। डीजे एबी डे रोज़ा से उनके जुड़वा बच्चे हैं। एबी फिर से मां बनने वाली है। मॉडल एलिएसा स्कॉट से भी उनका एक बेटा पैदा हुआ था। लेकिन ब्रेन कैंसर के चलते उसकी मौत हो गई थी। सवाल उठता है कि कैनन एक पिता के तौर पर बच्चों की देखभाल कैसे करते हैं। उन्होंने कहा अगर मैं फिजिकल तौर पर अपने बच्चों के साथ एक ही शहर में नहीं हूं, तो मैं फेसटाइम के जरिए स्कूल जाने से पहले उनसे बात करता हूं। साथ ही अगर मैं स्कूल छोड़ता हूं तो लाने भी जाता हूं।

# द घोस्ट 5 को रिलीज होने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिल्म द घोस्ट 5 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के निमार्ताओं ने शुक्रवार को इसका रिलीज ट्रेलर जारी किया। द घोस्ट के रूप में नागार्जुन के चरित्र को यह कहते हुए देखा जाता है कि पैसा और सफलता आपको खुशी से ज्यादा दुश्मन देती है। ट्रेलर आपको यह आभास देता है कि घोस्ट के कई दुश्मन हैं। अपनी बहन के परिवार को अंडरवर्ल्ड से बचाने की जिम्मेदारी लेने के बाद उसके दुश्मनों की सूची और भी बड़ी हो जाती है। ट्रेलर से पता चलता है कि नागार्जुन ने फिल्म के लिए जो गहन प्रदर्शन किया है और ऐसा लग रहा है कि स्टार ने वास्तव में कुछ घातक स्टंट किए हैं। लगता है इस नवीनतम ट्रेलर में फिल्म के लगभग हर एक्शन ब्लॉक का एक छोटा सा हिस्सा प्रस्तुत किया गया है। जब स्टाइलिश एक्शन थ्रिलर देने की बात आती है तो प्रवीण सत्तारू एक विशेषज्ञ हैं और द घोस्ट कोई अपवाद नहीं है।

# स्ट्रीमिंग शो गुड बैड गर्ल में नजर आएंगी गुल पनाग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी स्ट्रीमिंग शो गुड बैड गर्ल में अभिनेत्री गुल पनाग नजर आने वाली है। गुल पनाग पहली बार एक वकील का किरदार निभाएंगी।शो के ट्रेलर का बुधवार को मुंबई के जुहू इलाके में अनावरण किया गया। शो के बारे में बात करते हुए, गुल पनाग ने कहा, ÷मैं स्क्रिप्ट और शो की अवधारणा से काफी प्रभावित थी। कहानी रोजमर्रा की जिंदगी की है जिससे लोग रूबरू होते रहते हैं। सभी कैरेक्टर ताजा हैं - विभिन्न परतों के साथ जो कहानी में सही मसाला जोड़ते हैं। यह सीरीज दिखाती है कि कैसे लोग, नियम, संस्कृति, समाज और कानून सात साल के बचे के दिमाग को 28 साल की उम्र तक एक चालाक व्यक्ति में बदलने के लिए प्रभावित करते हैं। अभिनेत्री ने आगे उल्लेख किया, मैं पहली बार एक वकील की भूमिका निभा रही हूं और मेरा किरदार जैना मिस्त्री का है जो शो में अन्य पात्रों विविधता को संतुलित करता है। वह तर्क करना जानती है, बिल्कुल वैसे ही जैसे मैं हूं वास्तविक जीवन में। प्रतिभाशाली कलाकारों का एक समूह इस शो में है जिसने इस यात्रा को अविश्वसनीय बना दिया है।



## चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है...

# माता के दर्शन के लिए सड़कों पर उमड़ा अपार जनसैलाब


कटनी, यशभारत। आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने कल सोमवार को अष्टमी की रात श्रद्धालुओं ने शहर की सड़कों में रतजगा किया। शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं रही, जहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर नहीं रही हो। कई जगह जाम लगे तो कई जगह लम्बी-लम्बी कतारें देखने को मिली। कोई पूरे परिवार के साथ गाड़ियों में दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन करने निकला, तो कई पैदल ही घूमकर पूरा नजारा देख रहा था। मातारानी के दर्शन करने हर कदम दुर्गा पंडालों की ओर ही जाता दिख रहा था। शाम ढलते ही शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं की चहलकदमी शुरू हो गई थी। दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ सप्तमी की अपेक्षा कल अष्टमी पर ज्यादा चहल-पहल और भीड़-भाड़ नजर आई। आज मंगलवार नवमी को भी शहर की सड़कें रात भर जागेंगी।

## आकर्षक विद्युत साज सज्जा, मां दुर्गा के अद्भुत और मनोहारी स्वरूपों के दर्शनार्थ आज अंतिम दिन रहेगी सर्वाधिक भीड़

दुर्गोत्सव समितियों द्वारा की गई आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से पूरा शहर दूधिया रोशनी से नहा रहा है। समितियों द्वारा पिछले वर्षों की परम्परा का अनुसरण करते हुए इस बार भी नया प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। कहीं मां दुर्गा गोद में गणेश जी को लेकर प्यार करती हुईं नजर आ रही हैं तो कहीं अपने आंचल में गणेश जी और कार्तिकेय के साथ नजर आ रही हैं तो कहीं मां भवानी की पनिहारिन स्वरूप में स्थापना की गई हैं। अल्फर्टगंज में मां दुर्गा अपने हाथों में नौ गृह लेते हुए नजर आ रही हैं। ये झांकियां शहर में जनाकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। आज भी इन झांकियों के दर्शनार्थ शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। कल अष्टमी पर मां जगतजननी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शनार्थ अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं थी, जहां श्रद्धालु नजर न आ रहे हों। सड़कों में उमड़ी अपार भीड़ के चलते शहर के अंदरूनी मार्गों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों यातायात बाधित होता रहा। आजाद चौक, चांडक चौक, गर्ग चौराहा, हीरांगज, सुक्खन चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, कचहरी चौक, टाकीज रोड में पैदल चलने तक की जगह नहीं बची थी। हालांकि चौराहों में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस कर्मियों ने तत्परता से जाम खुलवाया।



कचहरी चौक में विराजमान जीवित झांकियों को देखने अपार जनसैलाब उमड़ा।



कृषि उपज मंडी पहरूआ में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा।

### कटनी व औद्योगिक नगरी कैमोर में दशहरा कल

शहर का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह कल 5 अक्टूबर को अपने पूरे गौरव के साथ निकलेगा। सायं ठीक 7 बजे गोल बाजार रामलीला कमेटी के रावण महाराज की अगुवाई में मेन रोड से दशहरा चल समारोह शुरू होगा, जो सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शेर चौक, आजाद चौक पहुंचकर समाप्त होगा। रावण महाराज के ठीक पीछे राम दल और घंटाघर रामलीला कमेटी के बजरंगबली की प्रतिमा चलेगी। इसके पीछे दुर्गा जी की प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल होंगी। शहर के साथ ही औद्योगिक नगरी कैमोर में भी कल 5 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां 90 फुट के रावण महाराज का दहन होगा। इसके ठीक दूसरे दिन उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में 6 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। इसी तरह श्री बजरंग उत्सव समिति के तत्वावधान में फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड चौपाटी में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां करीब 40 फुट ऊंचे रावण महाराज का दहन होगा।

### आज विर्सजित होंगे जवारे

आज रविवार को नवरात्र पर्व की नवमी पर जवारा विर्सजन के साथ नवरात्र पर्व का समापन हो जाएगा। अपार भक्तिभाव के बीच विभिन्न देवी मंदिरों से जवारे उठेंगे तथा विर्सजित होने के लिए निकलेंगे। जालपा देवी मढ़िया में शाम 7 बजे जवारा जुलूस शुरू होगा, जो जवारा गली, पुरानी बस्ती होते हुए कटनी नदी पहुंचेगा, जहां अपार श्रद्धाभक्ति के बीच जवारों का विसर्जन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य देवी मंदिरों के जवारे भी परंपरानुसार निकाले जाएंगे और कटनी नदी के विभिन्न घाटों में विसर्जित किए जाएंगे। शहर की परम्परा रही है कि जवारे देखने के बाद श्रद्धालु अपना नौ दिवसीय व्रत तोड़ लेते हैं। कटनी का दशहरा भी जालपा देवी मढ़िया के जवारे विर्सजित होने के दूसरे दिन निकाले जाने की परम्परा चली आ रही है।

### आकर्षक विद्युत साज सज्जा

बारडोली का दुर्गोत्सव साल-दर-साल अपनी एक अलग पहचान बनाता जा रहा है। दुर्गोत्सव समितियों में हर साल कुछ नया करने की जैसे होड़ सी लगी हुई है। भव्य झांकी बनाने के साथ ही आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से पूरा शहरा मानो जगमगा रहा है। आजाद चौक से लेकर शेर चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, सुक्खन चौक, पोस्ट ऑफिस गली मोड़, झण्डा बाजार में दुर्गोत्सव समितियों द्वारा की गई आकर्षक विद्युत साज-सज्जा जनाकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसके अलावा सराफा बाजार, केसीएस स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, सब्जी मंडी, सुभाष चौक, गर्ग चौराहा, घंटाघर सहित अन्य क्षेत्रों में भी आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।




### मां सिद्धिदात्री

नवरात्र के अंतिम दिन माता सिद्धिदात्री की आराधना इस मंत्र से करना चाहिए।
नवरात्र के अंतिम दिन देवी दुर्गा की नवीं शक्ति और भक्तों को सब प्रकार की सिद्धियां प्रदान करनेवाली मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार माता अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ प्रकार की सिद्धियां प्रदान करनेवाली हैं। जिस कारण इनका नाम सिद्धदात्री पड़ा। अपने लौकिक रूप में मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल के पुष्प पर आसीन हैं। आस्थावान भक्तों की मान्यता है कि इस दिन शास्त्रीय विधि.विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ माता की उपासना करने से उपासक को सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त होती है। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था और इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था, जिस कारण भोलेनाथ अर्द्धनारीश्वर नाम से विख्यात हुए।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना यदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायनी।।**





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)